राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजभवन में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

राज्यपाल ने 11 केबिनेट एवं 4 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई

जयपुर, 21 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को यहां राजभवन में आयोजित समारोह में 11 केबिनेट एवं 4 राज्य मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने शपथ दिलाने के लिए राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से आग्रह किया। इससे पहले मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य ने राज्यपाल से समारोह प्रारम्भ करने की अनुमति मांगी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने समारोह में श्री हेमाराम चौधरी, श्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय, श्री रामलाल जाट, श्री महेश जोशी, श्री विश्वेन्द्र सिंह, श्री रमेश मीणा, श्रीमती ममता भूपेश बैरवा, श्री भजनलाल जाटव, श्री टीकाराम जूली, श्री गोविन्दराम मेघवाल एवं श्रीमती शकुन्तला रावत को केबिनेट मंत्री के पद की शपथ दिलाई। इसके बाद राज्यपाल ने श्री बृजेन्द्र सिंह ओला, श्री मुरारीलाल मीणा, श्री राजेन्द्र गुढ़ा एवं श्रीमती जाहिदा खान को राज्य मंत्री के पद की शपथ दिलाई।

14 मंत्रियों एवं राज्यमंत्रियों ने हिन्दी भाषा में और एक राज्य मंत्री ने अंग्रेजी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ के पश्चात राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत और उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के साथ सभी मंत्रीगण का समूह चित्र भी हुआ।

इस अवसर पर राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यगण, नवनिर्वाचित विधायकों सहित प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सेवा के अधिकारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्यजन मौजूद थे। समारोह का शुभारम्भ एवं समापन राष्ट्रगान से हुआ।